वस्त्र मंत्रालय

मंत्रिमंडल के लिए जून, 2018 माह का मासिक सार

1. **नीतिगत निर्णय:**

i. **वस्त्र क्षेत्र की समीक्षा**: सचिव (वस्त्र) ने वस्त्र मंत्रालय की विभिन्न गतिविधियों के संबंध में 07.06.2018 को माननीय प्रधानमंत्री के समक्ष एक प्रस्तुति दी। इस बैठक में प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों सहित माननीय वस्त्र मंत्री, माननीय वस्त्र राज्य मंत्री, वित्त, सचिव तथा सचिव, व्यय भी इस बैठक में उपस्थिति थे। इस बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ निर्णय लिया गया कि सरकार के विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता को देखते हुए सचिवों का समूह वस्त्र उद्योग को प्रभावित करने वाले कारकों पर विचार करेगा और इस क्षेत्र के विकास के लिए एक व्यापक क्रियान्वयन योजना तथा रणनीति तैयार करेगा। यह भी निर्णय लिया गया कि नीति आयोग की सिफारिश के अनुसार दो सीपीएसई को उनकी सहायक कंपनियों के साथ बंद किए जाने के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल के विचारार्थ लाया जाना चाहिए।

ii. **भारत में तकनीकी वस्त्र को बढ़ावा देने के लिए बैठक**: 26 जून, 2018 को 'भारत में तकनीकी वस्त्रों को बढ़ावा' विषय पर आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव द्वारा की गई। चर्चा के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि मंत्रालय इस क्षेत्र के विश्लेषण के लिए हितधारकों के साथ परामर्श करेगा और विभिन्न विभागों द्वारा हस्तक्षेप के लिए एक मजबूत कार्ययोजना तैयार करेगा।

iii. **तकनीकी वस्त्र मामलों पर सचिवों के समूहों का गठन**: वस्त्र क्षत्र की समीक्षा करने के लिए 07.06.2018 को माननीय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन में (i) प्राकृतिक फाइबर का विकास; (ii) भारतीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प का संवर्धन; (iii) वस्त्र मशीनरी तथा मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ) का विकास तथा (iv) वस्त्र क्षेत्र में निर्यात को बढ़ाने पर विचार करने के लिए सचिवों के चार समूहों का गठन किया गया था। सचिवों के चार समूहों की बैठक जून, 2018 के अंतिम सप्ताह में आयोजित की गई थीं।

iv. **जेपीएम अधिनियम, 1987 के अंतर्गत मानकों का विस्तार**: 30 जून, 2018 को समाप्त हो रहे आदेश की वैधता को 30 सितंबर, 2018 तक विस्तार के लिए अधिसूचना पटसन पैकेजिंग सामग्री (पैकेजिंग वस्तुओं में अनिवार्य प्रयोग) अधिनियम, 1987 के अंतर्गत जारी की गई थी। इस आदेश ने पटसन क्षेत्र को सहायता प्रदान करने के लिए पटसन में अनिवार्य रूप से पैक किए जाने वाली वस्तुओं की प्रतिशतता को निर्धारित करने वाले मानकों को विस्तार दिया है।

v. **"समर्थ" - योजना**: योजना के प्रचालन से संबंधित वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना - 'समर्थ' के नीतिगत दिशानिर्देशों तथा क्रियान्वयन भागीदारों को कार्य सौंपनें की शर्तों में संशोधन, हितधारकों के साथ परामर्श के आधार 27 जून, 2018 को जारी किए गए थे।

2. महत्वपूर्ण उपलब्धियां:

i. **<u>हथकरघा</u>**: घरेलू ग्राहकों के बीच हथकरघा उत्पादों के संवर्धन तथा हथकरघा बुनकरों को उनके उत्पादों को सीधे ग्राहकों को बेचने में समर्थ बनाने के उद्देश्य से दिल्ली तथा हिमाचल प्रदेश में जून, 2018 के दौरान राष्ट्रीय स्तरीय हथकरघा एक्सपो विपणन क्रियाकलाप आयोजित किए गए थे।

विकास आयुक्त (हथकरघा) का कार्यालय ने विदेशी बाजारों में हथकरघा उत्पादों के संवर्धन के लिए हैंडलूम ब्रांड धारकों के साथ 9 से 17 जून, 2018 के दौरान कुआलालंपुर, मलेशिया में 16वें ग्लोबल इंडियन फेस्टिवल में भाग लिया था।

ii. **<u>ससंदीय परामर्शदात्री समिति की बैठक</u>**: वस्त्र मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की एक बैठक कौशल भारत मिशन के अंतर्गत 'समर्थ' वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना पर माननीय वस्त्र मंत्री की अध्यक्षता में दिनांक 22 जून, 2018 को संसद भवन एनेक्सी, नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। वस्त्र क्षेत्र में युवाओं को लाभप्रद एवं सतत रोजगार के लिए कौशल प्रदान करने का लक्ष्य रखने वाले योजना के विवरणों के बारे में समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया।

iii. **<u>प्राकृति फाइबर</u>**: माननीय वस्त्र मंत्री ने सभी प्राकृतिक फाइबरों के समग्र परिदृश्य पर चर्चा करने के लिए तथा प्राकृतिक फाइबर, गुणवत्ता सुधार के माध्यम से आयात विकल्प और देश में प्राकृतिक फाइबर के उत्पादन तथा निर्यात में सुधार पर सुझावों के संबंध में उनके विचार जानने के लिए 23 जून, 2018 को राष्ट्रीय फाइबर पर हितधारकों की एक बैठक की अध्यक्षता की।

iv. **<u>कपास</u>**: जून, 2018 के दौरान कपास की अखिल भारतीय आवक 13.63 लाख गांठें थी। चूंकि कच्ची कपास का बाजार मूल्य जून, 2018 के दौरान अधिकतर समय न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से ऊपर चल रहा था, इसलिए भारतीय कपास निगम द्वारा एमएसपी के अंतर्गत केवल 98 गांठों की ही खरीद की गई थी।

v. **<u>कपास सलाहकार बोर्ड</u>**: कपास परिदृश्य तथा कपास उत्पादन तथा उत्पादकता में वृद्धि के लिए की गई पहलों के अतिरिक्त कपास के राज्य-वार क्षेत्र, उत्पादन, आयात, निर्यात तथा खपत पर चर्चा करने के लिए भी 16.06.2018 को कपास मौसम 2017-18 के लिए कपास सलाहकार बोर्ड (सीएबी) की दूसरी बैठक आयोजित की गई थी। सीएबी ने कपास वर्ष 2017-18 के दौरान कपास के कुल उत्पादन का वर्ष 2016-17 में 345 लाख गांठों की तुलना में कपास वर्ष 2017-18 के दौरान 370 लाख गांठें (प्रत्येक 170 किग्रा. की) होने का अनुमान लगाया है।

vi. **<u>विद्युतकरघा क्षेत्र</u>**: विद्युतकरघा कामगारों हेतु समूह बीमा योजना के अंतर्गत भारत सरकार के 29,00,286 रुपए के प्रीमियम हिस्से के साथ योजना के अंतर्गत जून, 2018

के दौरान विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों द्वारा 17,455 विद्युतकरघा कामगारों को पंजीकृत किया गया था।

vii. **<u>टीयूएफएस</u>**: जून, 2018 के दौरान 1239.98 करोड़ रुपए की परियोजना लागत तथा ए-टीयूएफएस के अंतर्गत 93.15 करोड़ रुपए की सब्सिडी आवश्यकता के साथ 299 यूआईडी जारी की गई हैं। जून, 2018 के दौरान योजना के अंतर्गत कुल 74.13 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

viii. **<u>तकनीकी वस्त्र</u>**: तकनीकी वस्त्रों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन के 7वें संस्करण 'टेक्नोटेक्स 2018' का आयोजन 28.06.2018 से 29.06.2018 के दौरान मुंबई में किया गया था। इस कार्यक्रम का शुभारंभ वस्त्र आयुक्त, मुंबई द्वारा किया गया था। वस्त्र आयुक्त ने टेक्नोटेक्स 2018 तथा भारत के लिए तकनीकी वस्त्र क्षेत्र के विदेशों में संवर्धन के लिए चीन का भी दौरा किया था।

ix. **<u>अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस</u>**: वस्त्र मंत्रालय तथा इसके अंतर्गत आने वाले संगठनों ने विभिन्न केंद्रों पर 21.06.2018 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। मुख्य कार्यक्रम शिल्प संग्रहालय, दिल्ली में आयोजित किया गया था जिसमें सचिव (वस्त्र), मंत्रालय और विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) का कार्यालय तथा विकास आयुक्त (हथकरघा) का कार्यालय के कर्मचारियों आदि ने भाग लिया था। मंत्रालय के अंतर्गत विभिन्न संगठनों ने देश के विभिन्न स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया।

*****